**आज का मौसम**

धूप के साथ बारिश होने की संभावना

| 34.0° | 27.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.42 | सूर्यास्त 06.50 |

# कपड़ा शोरूम की टीन की छत काटकर चोरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**
- गल्ले से डेढ़ लाख रुपये की नगदी चोरी हुई
- नैनीताल रोड पर जजी कोर्ट के सामने हुई घटना

**अमृत विचार:** नैनीताल रोड स्थित एक कपड़ा शोरूम में चोर ने सेंधमारी की और करीब डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिए। बताया जा रहा है कि चोर शोरूम की छत काटकर घुसे थे।

रामपुर रोड स्थित विष्णुपुरी निवासी हितांक सडाना की जजी कोर्ट के ठीक सामने 'हीर द होल सेल' नाम से कपड़े का शोरूम है। शुक्रवार सुबह जब वह शोरूम में पहुंचे तो पता चला कि शोरूम की टीन शेड की छत कटी हुई है और गल्ले से करीब डेढ़ लाख रुपये की नगदी भी गायब है। यह देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज की जांच की तो पता चला कि बुधवार की रात करीब 11.40 बजे एक चोर छत के रास्ते से शोरूम में घुस रहा है और उसने गल्ले से नगदी चुरा ली और वापस उसी काटी गई टीन शेड के रास्ते वापस भी चला गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को ले लिया है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जून माह में सबसे अधिक खर्च हुई बिजली, हल्द्वानी का विस्तार होने के साथ ही बढ़ रही मांग


# एक साल में 16.50 फीसदी बढ़ गई बिजली की खपत

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हर साल बढ़ रही गर्मी और उमस ने जिले में बिजली की खपत को भी बढ़ा दिया है। वहीं खपत बढ़ने की वजह से किल्लत भी हो रही है। बिजली की मांग अधिक होने से जिले में लो-वोल्टेज और फॉल्ट की समस्याएं हो रही हैं।

इस साल सबसे अधिक खपत जून माह में देखने को मिली है। इससे पूर्व भी बीते वर्ष जून में ही खपत का आंकड़ा जून में भीषण गर्मी में लगातार एसी कूलर और पंखों के चलने से बढ़ा था। ऊर्जा निगम से मिली जानकारी के अनुसार बीते साल अप्रैल में खपत 82.849 थी। तो वहीं 2024 अप्रैल के शुरूआती दिनों में ही बिजली की खपत 90.695 मिलियन यूनिट पहुंच गई। इसके बाद जून तक यह आंकड़ा 126.509 एमयू हो गया। इसके बाद जुलाई में आंकड़ों में बदलाव देखने को मिला है। वर्तमान में जिले में बीते माह जुलाई में खपत घटकर 107.411 मिलियन यूनिट हो गई है।

> दोनों ही सालों में जून में सबसे अधिक खपत बड़ी है। इस साल की खपत अप्रत्याशित थी। जुलाई में आंकड़ों में कुछ बदलाव आया है कुल मिलाकर बीते वर्ष के बाद आंकड़ों के अनुसार 16.50 फीसदी बढ़ी हुई मिली है। –नवीन मिश्रा, अधीक्षण अभियंता, ऊर्जा निगम।



**जिले में दो सालों में बिजली की खपत मिलियन यूनिट में**

| माह | 2023 | 2024 |
|---|---|---|
| अप्रैल | 82.549 | 90.695 |
| मई | 93.065 | 120.747 |
| जून | 108.353 | 126.509 |
| जुलाई | 98.310 | 107.411 |

**दो सालों में जून में सबसे अधिक खपत**

जिलेभर में जून के महीने गर्मी चरम पर होने और उमस शुरू होने के कारण खपत सबसे अधिक हुई है जबकि जुलाई में बरसात के बाद आंकड़ों में घटौती देखने को मिली है।

**कूलर और एसी भी मई और जून माह में खूब बिके**

इस साल इलेक्ट्रानिक उपकरणों की खरीद भी खूब बढ़ी। शुभ इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ने बताया कि सीजन में सबसे ज्यादा खरीदारी मई और जून माह में हुई। कहा कि उन दिनों एसी फ्रिज और कूलर देने के लिए वेटिंग भी शुरू करनी पड़ी। जीआरडी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक जसमीत सिंह ने बताया बीते साल के मुताबिक खरीद इस बार अनलिमिटेड रही। लो–वोल्टेज की समस्या के चलते स्टेबलाइजर भी खूब बिके।

**जून में सबसे ज्यादा गुल रही बिजली:** जून में खपत बनने के साथ ही जिले में लगातार लो वोल्टेज और तकनीकी समस्या आने के चलते कई बार बिजली जाने की समस्या आई इस दौरान हल्द्वानी जैसे शहर में कई दोनों बिजली जाने की समस्या से उपभोक्ताओं को जूझना पड़ा।

## एक नजर

### कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत शनिवार को सुबह 9:40 बजे उच्च शिक्षा निदेशालय में निर्मित आवासीय भवनों का लोकार्पण करेंगे। वह उच्च शिक्षा निदेशालय से सुबह 11:30 बजे से मंत्रिमंडल की बैठक में वर्चुअली हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह 12:50 बजे से राबाइका हल्द्वानी में नव चयनित प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। वह दोपहर 2 बजे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में लिफ्ट, जनरेटर सेट एवं डायनॉमिक डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद 3:30 बजे निजी आईवीएफ सेंटर का उद्घाटन करेंगे। शाम 4:30 बजे से मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ डेंगू की रोकथाम की बैठक करेंगे। फिर वह 5:30 बजे रुद्रपुर रवाना हो जाएंगे।

### जनपद में मूसलाधार बारिश का अनुमान

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अगले पांच दिनों तक नैनीताल जिले में मूसलाधार बारिश होने का अनुमान जताया है। 24 अगस्त तक नैनीताल जिले में कई जगह रुक-रुक कर बारिश होगी। इधर शुक्रवार को तापमान में काफी बढ़ोतरी रही। दिन के समय असहनीय उमस वाली गर्मी पड़ रही थी। अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### काठगोदाम स्टेशन पर यात्रियों के साथ अभद्रता

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति यात्रियों से भिड़ गया। जीआरपी की महिला एएसआई से भी आरोपी गाली–गलौज करता रहा। बाद में उसका पुलिस एक्ट में चालान किया गया। काठगोदाम जीआरपी थाना प्रभारी नरेश कोहली ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9:30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर एक पर अल्मोड़ा के सोमेश्वर स्थित पातली बगड़ निवासी भरत सिंह ने अचानक चीखना शुरू कर दिया और वह यात्रियों को मारने लगा। मौके पर महिला एएसआई सुमन, जीआरपी हेड कांस्टेबल जगदीश पलड़िया पहुंचे और व्यक्ति को शांत होने के लिए कहा लेकिन वह हुड़दंग मचाता रहा। बाद में आरोपी पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। यहां से कोर्ट के आदेश पर अंतिम चेतावनी देकर आरोपी को छोड़ दिया गया।

### वृक्ष पातन कार्य के दौरान डेढ घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी चौराहे क्षेत्र में बेस अस्पताल के पास सुबह 10 बजे से 12 बजे तक चले कार्य के दौरान बिजली सप्लाई प्रभावित रही। इस दौरान अस्पताल में मरीजों से लेकर आस-पास दुकानों के व्यवसायियों को दिक्कतें झेलनी पड़ी। ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि वृक्ष पातन कार्य के दौरान 10.30 से 11 बजे तक आधे घंटे सप्लाई को बंद रखा गया था। कहा कि दोपहर में सप्लाई को सुचारू कर दिया गया था। हालांकि इस दौरान लोगों को परेशानी हुई।

# डॉक्टरों की हड़ताल, मंगलवार को खुलेगी ओपीडी

## आज और सोमवार तक बंद रहेगी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी, निजी अस्पताल के डॉक्टर्स भी विरोध में होंगे शामिल

संवाददाता, हल्द्वानी



डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में बुद्ध पार्क में पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला फूंकते पछास कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार के विरोध में सरकारी डॉक्टर्स ने हड़ताल का फैसला किया है। निजी अस्पतालों के डॉक्टर्स भी विरोध जताएंगे। शनिवार को सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी बंद रहेंगी। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी अब रक्षाबंधन के बाद मंगलवार को ही खुलेंगी हालांकि इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी।

आईएमए हल्द्वानी शाखा के महासचिव डॉ. प्रदीप पांडे ने बताया कि उक्त घटना को लेकर डॉक्टर व मेडिकल क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों में काफी आक्रोश है। केवल यही घटना नहीं बल्कि इस तरह की कई घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें डॉक्टर, नर्स या मेडिकल क्षेत्र के साथ जुड़े लोगों के साथ अपराध हुआ होता है। इसलिए हल्द्वानी मेडिकल एसोसिशन ने निश्चय किया है कि शनिवार को प्राइवेट डॉक्टर ओपीडी में नहीं बैठेंगे और विशेष स्वरूप डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के गेट के सामने एकत्रित होंगे और एक मार्च निकालेंगे। बताया कि शनिवार की शाम को घटना के विरोध में एक कैंडल मार्च भी निकाला जाएगा। वहीं, सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि सरकारी डॉक्टर्स भी शनिवार को ओपीडी में नहीं बैठेंगे। इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। मालूम हो कि शनिवार के बाद रविवार की छुट्टी है और उसके बाद सोमवार को रक्षाबंधन है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों की ओपीडी अब मंगलवार को ही खुलेगी।

### पछास ने पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला फूंका

**हल्द्वानी :** परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने पश्चिम बंगाल में आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार व हत्या के विरोध में बुद्ध पार्क में सभा कर पश्चिम बंगाल सरकार व अश्लील उपभोक्तावादी पूंजीवादी संस्कृति का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि बंगाल सरकार आरोपियों को बचाने का घृणित काम कर रही है। कैंडल मार्च करने वालों पर भीड़ का हमला, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को पुनर्नियुक्ति, घटना के बारे में शुरुआत से झूठ बोलना वगैरह से साफ है कि महिला हिंसा के मामले में शासक महिला हो या पुरुष समान रूप से असंवेदनशील होते हैं। इस दौरान महेश चन्द्र, रुपाली, ईशा चौहान, अनिशेख, उमेश पांडेय, उमेश चन्द्र, विपिन, चंदन आदि मौजूद रहे।

### बीडी पांडे अस्पताल में भी कार्य बहिष्कार

**नैनीताल, अमृत विचार:** कोलकाता में महिला चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में डॉक्टर्स शनिवार से 24 घंटे के कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। प्रान्तीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ पर्वतीय क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि बीडी पांडे अस्पताल के चिकित्सकों ने शनिवार शाम से रविवार सुबह तक 24 घंटे तक कार्य बहिष्कार का फैसला लिया है हालांकि आपातकालीन व वीआईपी सेवाएं जारी रहेंगी। शुक्रवार को संघ की एक बैठक हुई, जिसमें चिकित्सक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही निर्णय लिया कि इस अपराधिक घटना के विरोध में कल शनिवार को बीडी पांडे चिकित्सालय से शांतिपूर्ण जूलूस निकाला जाएगा। जूलूस माल रोड होते हुए तल्लीताल गांधी मूर्ति तक जाएगा। पुनः वापस होते हुए मल्लीताल पन्त पार्क में जुलूस का समापन हो जाएगा।

# कारों की भिड़ंत में नोएडा निवासी युवती की मौत

संवाददाता, कालाढूंगी


पर्यटकों की क्षतिग्रस्त कार।

- कैंची धाम दर्शन को जा रहे थे दिल्ली की एक कंपनी के कर्मचारी, गड़प्पू के पास सामने आ रही कार से हुई टक्कर

**अमृत विचार:** कालाढूंगी में गड़प्पू पुलिस चौकी से पहले दो कारों की आमने- सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार युवती की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दूसरी कार वाला मौके से फरार हो गया।

गुरुवार सुबह दिल्ली की एक निजी कंपनी में जॉब करने वाले राहुल शर्मा निवासी हर्ष बिहार कॉलोनी नई दिल्ली, राहुल चौहान निवासी अंबाला, रीता (26) निवासी नोएडा, दीपाली और नेहा कार संख्या डीएल 3सीसीवाई 0534 से कैंची धाम के दर्शन करने आ रहे थे। तभी सुबह करीब 7 बजे उनकी कार गड़प्पू पुलिस चौकी से पहले सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 04एएच 8319 से भिड़ गई। हादसे में दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। एसओ कालाढूंगी भगवान महर ने बताया कि हादसे में नौएडा निवासी रीता की मौत हो गई। रीता के शव को हल्द्वानी मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। अन्य घायलों को सीएचसी कालाढूंगी में उपचार के बाद एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया है। एसओ ने बताया कि घटना के बाद दूसरी कार वाला मौके से फरार हो गया। कार हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी


पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस ने बहुत ही चालाकी से एक कबूतरबाज को पकड़ा है। आरोपी बिजनौर का है और वह विदेश भेजने के नाम पर फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनाकर ठगी करता था। शहजाद हुसैन ने रामनगर पुलिस में वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि पासपोर्ट और वीजा बनाकर विदेश भेजने के नाम पर बिजनौर के शेरकोट स्थित अफगानन मोहल्ला निवासी मोहम्मद अफजल ने 73 हजार रुपये की ठगी की है। पुलिस ने पिछले ढाई साल से उसकी तलाश कर रही है। मामले की जांच टीपीनगर पुलिस चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट को दी गई। आरोपी के खिलफ कोर्ट से कई बार एनबीडब्ल्यू भी जारी हुए लेकिन आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर उसकी संपत्ति भी कुर्क कर दी गई। जांच में पुलिस को पता चला कि अफजल भारत में नहीं है, वह दुबई में रह रहा है। फिर उसके खिलाफ गृह मंत्रालय दिल्ली से लुकआउट नोटिस जारी कराया गया। इसके बाद बिष्ट ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बुना। आरोपी किसी तरह से संपर्क किया और उससे कहा कि उन्हे फर्जी पासपोर्ट और वीजा बनाना है जिससे वह विदेश में जा सके। जिसके बाद पुलिस को उसकी गतिविधि पता चलने लगी। इस दौरान आरोपी के नवजात बेटे की मौत हो गई। आरोपी दुबई से भारत लौटा। पुलिस को पहले से ही उसके आने की सूचना थी। दिल्ली इमीग्रेशन पर ही एयपोर्ट सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। गुरुवार को टीपीनगर पुलिस ने दिल्ली पहुंचकर आरोपी को कब्जे में लिया और हल्द्वानी लाकर कोर्ट में पेश किया। टीपीनगर पुलिस की सक्रियता से दुबई में छिपे आरोपी को पकड़ लिया गया।

# शनि बाजार क्षेत्र में सोमवार से मिल सकेगा पानी

**हल्द्वानी:** गौजाजाली पेयजल योजना के तहत संचालित शनि बाजार स्थित नलकूप की मरम्मत शुक्रवार को भी नहीं हो सकी। इस दौरान शनि बाजार क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पीने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिला। पेयजल निगम के जेई महेश चंद्र ने बताया कि योजना के तहत दो नलकूपों से पानी बांटा जा रहा है। ऐसे में सुबह के समय में तो पर्याप्त पानी मिल पा रहा है जबकि शाम में अंतिम छोर के इलाकों में परेशानी अब भी बनीं हुई है। नलकूप को ठीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार तक नलकूप से आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है। वहीं शहर और ग्रामीण इलाकों में पेयजल किल्लत से प्रभावित कुछ इलाकों में जल संस्थान ने टैंकर से पानी पहुंचाया। एई रविंद्र कुमार ने बताया कि 16 टैंकरों से बजूनिया हल्दू, गौला गेट, कुसमखेड़ा, पीलीकोठी और बरेली रोड क्षेत्र में पानी बांटा गया है।

# किशोर की मौत पर चार युवकों पर मॉबलिंचिंग का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हल्द्वानी

**केस**
- नौ अगस्त को किशोर को आरोपियों ने बुरी तरह पीटा था,
- किशोर ने फंदे में लटक कर अपनी जान दे दी

**अमृत विचार:** शीशमहल इलाके में पिछले दिनों एक कार ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी थी। इस कार को नाबालिग किशोर चला रहा था। घटना के बाद पीछा कर कुछ युवकों ने किशोर को पकड़कर बुरी तरह से पीटा था और कार में तोड़फोड़ की थी। इससे आहत किशोर ने घर जाकर आत्महत्या कर ली थी। किशोर के पिता ने आरोपी युवकों के खिलाफ उनके बेटे को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है।

मृत किशोर के पिता ने पुलिस को बताया कि बीती नौ अगस्त को उनका बेटा अपने दोस्तों के साथ कार से लौट रहा था। शाम करीब छह बजे कार निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के पास पहुंची तो कार से एक राहगीर टकरा गया। इससे कार चालक किशोर घबरा गया और वापस हल्द्वानी की ओर आने लगा। इस बीच बनभूलपुरा लाइन नंबर आठ निवासी रेहान और उसके तीन साथी अरफराज नसीम, कृष्णा व तनिष्क अपनी कार से किशोर की कार का पीछा करने लगे। किशोर ने खुद को बचाने के लिए कार को एक गली में मोड़ दिया। लेकिन, वहां उन लोगों ने कार को जबरन रोक लिया। रेहान ने पत्थर मारकर कार का पिछला और अगला शीशा तोड़ दिया। इसके बाद भी किशोर पास में एक खाली प्लॉट में कार को खड़ा कर भाग निकला। चारों आरोपी उसे ढूंढते हुए वहां भी पहुंच गए और देवाशीष होटल के गेट के पास उसे पकड़ लिया। इन लोगों ने किशोर की बेरहमी से पिटाई की। साथ ही उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद किशोर लहूलुहान हाल में दमुवाढूंगा स्थित अपने घर पहुंचा। 10 अगस्त की सुबह किशोर के मामा ने देखा कि वह कमरे में पंखे के सहारे फंदे पर लटका है। उसे तुरंत बेस अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता मर्चेंट नेवी में नौकरी करते हैं और घटना के समय वह अमेरिका के मियामी में थे। 13 अगस्त को वह हल्द्वानी पहुंचे। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किशोर को आरोपी युवकों ने मॉबलिंचिंग कर प्रताड़ित किया है और आत्महत्या के लिए मजबूर किया। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 108, 309 (4), 324(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शराब की कैंटीनों में मिली गंदगी, पांच को दिए नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी



कैंटीन में जांच करते वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा विभाग ने शराब की दुकानों की कैंटीनों पर छापा मारा। सभी दुकानों में मानकों का पालन नहीं करने पर नोटिस भेजा गया है। इसके अलावा मिठाई क दुकानों में भी छापा मारा गया।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने नैनीताल और कालाढूंगी रोड स्थित शराब की कैंटीनों में छापा मारा। यहां पहुंचने पर टीम का माथा ठनक गया। कहीं भी मानकों का पालन नहीं हो रहा था। हर तरफ गंदगी पसरी हुई थी। तीन दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भी भेजे गए। जांच में पता चला कि कुछ कैंटीनों के पास लाइसेंस भी नहीं है। धारा 55 के तहत पांचों दुकान को नोटिस दिया गया। इसके अलवा पांच मिठाई की दुकानों में भी छापा मारा और मिठाई के साथ ही देशी घी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिंह ने बताया कि सभी मिठाई विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि त्योहार के दौरान नियमों का पालन करते हुए मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री करें।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। बीते बुधवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि बनभूलपुरा में रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो शव की शिनाख्त इंदिरानगर निवासी 30 वर्षीय मुन्ना के रूप में हुई। मुन्ना एकमीनार इलाके में पत्नी और दो बच्चों के साथ किराए पर रहता था। बुधवार रात करीब 11 बजे मुन्ना अपने दोनों बच्चों को बाजार से खरीददारी कराने के बाद घर पहुंचा था। इसके बाद घर में पत्नी से किसी बात पर कहासुनी हो गई और वह घर से चला गया। रात करीब 12:30 बजे उसका शव घर के पास ही रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# कालाढूंगी हाईवे पर वैली ब्रिज का सफल ट्रायल

संवाददाता, कालाढूंगी


चकलुवा में वैली ब्रिज पर वाहनों के ट्रायल के दौरान लोनिवि ईई अशोक चौधरी व एसडीएम रेखा कोहली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** देहरादून-कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर चकलुआ के पास वैली ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। हाईवे पर वाहनों की आवाजाही के लिए रविवार तक इंतजार करना होगा। शुक्रवार को वैली ब्रिज का सफल ट्रायल किया गया।

राजधानी देहरादून से जोड़ने वाले रामनगर-कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाइवे पर चकलुवा के पास बीते 31 जुलाई को भारी बारिश के चलते निहाल नाले के उफान पर आने से पुलिया नाले में समा गयी थी। पुलिया बहने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गयी थी। बीते 1 अगस्त से प्रशासन व लोक निमार्ण विभाग हल्द्वानी द्वारा 100 फीट के बैली ब्रिज का निमार्ण शुरू कर दिया था। 17 दिन बाद लोनिवि की टीम द्वारा लगातार दिन-रात कार्य करने के बाद बैली ब्रिज का निमार्ण कार्य लगभग तैयार हो चुका है। एसडीएम रेखा कोहली व लोक निमार्ण विभाग के अधिकारीयों द्वारा वाहनों सफल ट्रायल किया गया।

> ब्रिज में ट्रायल के लिए 54.2 टन का लोड डाला गया जो सफल रहा। ब्रिज में अधिकतम 16.8 टन भार के वाहन ही चलाए जाएंगे। सीमेंट सहित अन्य निमार्ण को सूखने में समय लगेगा। – गणेश सिंह रौतला, जेई लोक निर्माण विभाग

> देहरादून – कालाढूंगी – हल्द्वानी हाईवे पर बैली ब्रिज का लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है। 18 अगस्त से इस पुल को आवाजाही के लिए सुचारू का दिया जायेगा – रेखा कोहली, एसडीएम कालाढूंगी



श्री यशपाल आर्य जी
नेता प्रतिपक्ष,
पूर्व कैबिनेट मंत्री



श्री संजीव आर्य जी
पूर्व विधायक, नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस,
रक्षाबंधन
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं



हरेंद्र सिंह लाडी
प्रदेश अध्यक्ष, किसान कांग्रेस कमेटी व
सर्वप्रदेश गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व दर्जा राज्यमंत्री उत्तराखण्ड
नया गांव बाजपुर (ऊधमसिंह नगर)

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं



गुरजीत सिंह गित्ते
निवर्तमान पालिकाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर)

GET GROUP OF INSTITUTIONS
Since 2010
Approved & Affiliated by : H.N.B. Medical Education University, Dehradun,
State Medical Faculty, Uttarakhand Nurses & Midwives Council,
Uttarakhand Paramedical Council, AICTE & UBTER




➡ Free Health Checkup ➡ Hostel Facilities ➡ Transport ➡ Fully Wi-Fi Campus ➡ Free Industrial Visit

COURSES OFFERED

POLYTECHNIC
Diploma in :
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Mechanical Engg. (Automobile)
- Electronics & Communication Engg. (Industry Integrated)

Duration : 3 Years
Eligibility : 10th/12th/ITI

Free Admission for SC/ST Candidates in Polytechnic

NURSING
- B.Sc. Nursing
Duration : 4 Years
Eligibility : 12th PCB
- G.N.M.
Duration : 3 Years
Eligibility : 12th PCB/Arts

PHARMACY
- D. PHARMA*
(Diploma in Pharmacy)
* Approval process is going on & subject to approval of PCI New Delhi
Duration : 2 Years
Eligibility : 12th PCM/PCB

PARAMEDICAL
- BMLT
(Bachelor of Medical Laboratory Technology)
- BMRIT
(Bachelor of Medical Radio Diagnosis and Imaging Technology)
Duration : 3 Years
Eligibility : 12th PCB



Scholarship For SC/ST Students as per Govt. Rules

Campus Address : NH-74, 3Km. from Doraha towards Rudrapur, Bazpur (U.S.Nagar)
Talk to us : 9012107430
E-mail : getbazpur@gmail.com | www.getindia.in

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
राजेश बजाज
वरिष्ठ भाजपा नेता
पूर्व सदस्य
जिला पंचायत सदस्य, रुद्रपुर
ऊ.सिं.नगर, उत्तराखण्ड

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खटोला
गदरपुर ऊ.सिं.नगर
एडवोकेट मुकेश सिंह राणा

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
सुकोमल मण्डल
विधायक प्रतिनिधि
कालीनगर, दिनेशपुर ऊ.सिं.नगर

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
अध्यक्ष
देवभूमि व्यापार मण्डल
दिनेशपुर ऊ.सिं.नगर
उत्तराखण्ड
राजेश नारंग

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
मोहन सिंह पानू
वरिष्ठ भाजपा नेता
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
अध्यक्ष
आदिवासी रामलीला कमेटी, मदपुरी चक्कीमोड़
दिनेशपुर ऊ.सिं.नगर

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
सुन्दर गिरी गोस्वामी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कूल्हा
गदरपुर ऊ.सिं.नगर

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
जगदीप सिंह विर्क
अध्यक्ष
किसान कांग्रेस
65 विधान सभा, गदरपुर उत्तराखण्ड

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मदनापुर
गदरपुर ऊ.सिं.नगर
हेमगिरी गोस्वामी
उर्फ हिमांशु

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
कुमाऊं किसान एवं मिनाल मण्डल
चक्कीमोड़ ऊ.सिं.नगर
उत्तराखण्ड
ललित खोलिया

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
तरुण यादव
यदुवंश मेडिकल स्टोर
मेन चौराहा गूलरभोज रोड
दिनेशपुर, ऊ.सिं.नगर

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
मीना विश्वास
पूर्व जि.प.स. खटोला, ऊ.सिं.नगर
उत्तराखण्ड
त्रिनाथ विश्वास
पूर्व उपाध्यक्ष-जिला पंचायत रुद्रपुर, ऊ.सिं.नगर
उत्तराखण्ड

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
हरजीत सिंह विर्क
किसान नेता
पूर्व डायरेक्टर, किसान सेवा स.समिति
दिनेशपुर ऊ.सिं.नगर

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
निवास: वार्ड नं.6, शास्त्रीनगर
दिनेशपुर, ऊ.सिं.नगर
उत्तराखण्ड
श्रीति रॉय
मनोज रॉय
उर्फ मुन्ना
अध्यक्ष-दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी, दिनेशपुर

PLAY, LEARN, LAUGH & GROW
समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
तरुण कुमार सिंह
प्रबन्धक
लिटिल चैम्पियंस स्कूल, मदनापुर गदरपुर
ऊ.सिं.नगर, उत्तराखण्ड

"संघे शक्ति युगे युगे"
समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
ब्लाक अध्यक्ष-
गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति
गदरपुर ऊ.सिं.नगर
उत्तराखण्ड
कै. धन सिंह कोरंगा

THE GREEN CITY Properties & Developers
ग्रीन सिटी प्रॉपर्टी डेवलपर्स
नियर डाबर इण्डिया लि0 डाबर हर्बल प्लान्ट
समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
नोटः-हमारे यहाँ आवासीय प्लाट दुकान मकान खरीदने के लिए सम्पर्क करें।
Mob- 8267040000, 9719955868, 8825031737, 8126542954
राजेन्द्र मेहरा (संचालक)
उत्तरायणी सांस्कृतिक समिति
गोपाल ठठोला
उप-प्रधान कूल्हा
(गौरव सेनानी)
राजेन्द्र पंवार
समाजसेवी
हरसंगत
समाजसेवी

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
अमित नारंग
जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी, ऊ.सिं नगर
उत्तराखण्ड

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस, रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
काबल सिंह विर्क
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत दिनेशपुर, ऊधमसिंह नगर
उत्तराखण्ड

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

## पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने उन्हें दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

गुरुवार को तल्ली बमौरी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या-147 में हुए कार्यक्रम में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने भारत अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी महान नेता, कवि और देशभक्त थे, जिन्होंने मां भारत की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और संवाद कौशल ने देश को एक नई दिशा दी। विधायक भगत ने कहा अटल बिहारी बाजपेयी से व्यक्तिगत रूप से मधुर संबंध थे, बाजपेयी उनके हल्द्वानी आवास पर भी आए थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की अवधारणा को साकार करने वाले एवं विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अटल बिहारी बाजपेयी की विरासत हमेशा प्रेरित करती रहेगी। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक रावत, जिलाध्यक्ष कार्तिक हर्बोला, पंकज अधिकारी, कुलदीप कुल्याल, कनिष्क ढींगरा, विशु शर्मा, विष्णु सक्सेना रहे।


कालाढूंगी में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक भगत व अन्य।

### वाजपेयी को किया याद

हल्द्वानी : भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि श्री वाजपेयी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश को सामरिक व आर्थिक रूप से मजबूती दी। उनका यह योगदान देशवासी कभी नहीं भूलेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्तमान पार्षद प्रमोद तोलिया, प्रताप बोरा, जिला कार्यकारिणी सदस्य खीम सामंत, राजू उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री कमल पांडे, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विपिन पांडे, गजेंद्र दरम्वाल, विनोद मेहरा आदि मौजूद रहे।

### टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी : बीती जुलाई में रामपुर रोड पर रात को टेंपो से टकराकर सड़क पर मल्ला गोरखपुर निवासी सूरज लटवाल गिर गए। पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक के मौसेरे भाई सुरेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई को सूरज लटवाल के साथ यह घटना हुई थी।


गौलापार किशनपुर में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सांसद अजय भट्ट।

### सांसद भट्ट ने वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि

चोरगलिया : भाजपा गौलापार मण्डल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर गौलापार किशनपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि की गई। कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी की राजनीतिक सुचिता और सौम्यता के साथ ही जन सेवा का भाव हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में युवाओं को नशे के खिलाफ प्रेरित करने वाले कमल कुमार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल, गोविंद मिश्रा, प्रकाश गरजोला, रविन्द्र रेकुनी, पान सिंह मेवाड़ी, बालम बिष्ट, किशोर चुफाल, विजय लक्ष्मी चौहान, त्रिलोक नोला, तारा तिवारी, चन्दन नैथानी, कैलाश राज, जीवन आर्या, कमलेश सम्मल, सोभन सिंह राठौर, भास्कर बोरा, पूरन कोटलिया, नवीन जोशी, कैलाश राज आदि रहे।

# घर बचाने को लोगों ने दिया धरना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** वन ग्राम पूछड़ी में घरों को तोड़ने के नोटिस को वापस लेने तथा जो व्यक्ति जहां निवास कर रहा है, उसे वहीं पर नियमित कर मालिकाना हक देने की मांग को लेकर सैकड़ों लोग स्वतंत्रता दिवस पर भूख हड़ताल कर धरना दिया।

लखनपुर में धरने पर लोगों ने वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाए जाने, किसी भी व्यक्ति को हटाने से पहले उसका पुनर्वास करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि कल 15 अगस्त को मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया है। मगर हमारे घर तोड़े जा रहे हैं। ऐसे में हम तिरंगा कहां फहराएं। लोगों ने जल, जंगल, जमीन हमारी नहीं सहेंगे धौंस तुम्हारी के नारे लगाए। धरना स्थल पर सभा में वक्ताओं ने कहा कि देश का सर्वोच्च न्यायालय व उत्तराखंड का उच्च न्यायालय निर्णयों में इस बात को कह चुका है कि किसी भी व्यक्ति को हटाने से पूर्व उसके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। सभा को मौ. ताहिर, रेनू, मधु चौधरी, सरस्वती जोशी, प्रिया, सुमित लोहनी, चन्दन राम, पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी, एस लाल, ललिता रावत, ललित उप्रेती, मुनीष कुमार, रोहित रहेला, उपपा नेता प्रभात ध्यानी ने संबोधित किया।


रामनगर में भूख हड़ताल व धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

### ग्राम छोराजाली को पूरनपुर में न मिलाया जाए

कालाढूंगी : ग्राम छोराजाली के तमाम ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उनके गांव छोराजाली को ग्रामसभा पूरनपुर में नहीं मिलाने की मांग की। उनका कहना था कि या तो इस गांव को कालाढूंगी नगर पालिका में मिला दिया जाए या फिर ग्रामसभा गुलजारपुर में मिलाया जाए। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन भी सौंपा तथा डीएम नैनीताल और खंड विकास अधिकारी के लिए भी ज्ञापन भेजा। उनका कहना था कि उनका गांव पहले कालाढूंगी बन्दोबस्ती ग्रामसभा में था, कालाढूंगी बन्दोबस्ती व छोटी हल्द्वानी नगर पालिका कालाढूंगी में सम्मिलित हो जाने पर ग्राम छोराजाली अलग गया।

## तिवारी मैटरनिटी सेंटर में निशुल्क आईवीएफ कैम्प

**हल्द्वानी:** तिवारी मैटरनिटी सेन्टर एंड नर्सिंग होम (जय श्री हॉस्पिटल) हल्द्वानी में 18 अगस्त रविवार को निःसंतान दम्पत्तियों के लिए निःशुल्क (आईवीएफ टेस्ट ट्यूब बेबी) कैम्प होगा। अस्पताल के सीईओ विपिन त्रिपाठी ने बताया कि कुमाऊं का आईवीएफ सेंटर जो कई वर्षों से निःसंतान दंपतियों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। यहां वरिष्ठ एवं अनुभवी आईवीएफ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. उषा जोशी निशुल्क परामर्श देंगी, इस अवसर पर आईवीएफ पैकेज में विशेष छूट भी दी जाएगी। कहा कि पहले जहां लोगों को इस सुविधा के लिए अन्य महानगरों में जाना पड़ता था अब आपको हल्द्वानी से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में (आईवीएफ) टेस्ट ट्यूब बेबी की सुविधा संपूर्ण प्रक्रिया के साथ उपलब्ध है। शिविर का समय 11 से 4 बजे तक रहेगा।

### लालकुआं में ट्रैक्टर चालक का शव पड़ा मिला

लालकुआं : यहां वीआईपी गेट के सामने झाड़ियां में 51 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त वीआईपी गेट के समीप ही वर्मा कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र शुक्ला के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। गत दिवस यहां वीआईपी गेट क्षेत्र के दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी कि ट्रैक्टर चालक 51 वर्षीय धर्मेंद्र शुक्ला अचेत अवस्था में वीआईपी गेट की दुकानों के पीछे झाड़ियां में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी के अनुसार धर्मेंद्र शुक्ला ट्रैक्टर चालक था। वरिष्ठ उप निरीक्षक ने बताया कि धर्मेंद्र के दो बेटे और एक बेटी हैं और वह यहां ससुराल में रहता था। जबकि मूल रूप से वह हरदोई का रहने वाला था।

### कॉर्बेट की दक्षिणी सीमा की सुरक्षा को लेकर किया मंथन

रामनगर : अवैध शिकार और शिकारियों की घुसपैठ रोकने को कार्बेट टाइगर रिजर्व कालागढ़ के अधिकारियों की बैठक में चर्चा की गई। साथ ही उप्र की सीमा से लगे गावों में गुलदारों की उपस्थिति को समाप्त करने तथा पार्क की दक्षिणी सीमा व संवेदनशीलता के दृष्टिगत अवैध शिकार की रोकथाम हेतु वन क्षेत्र, नदी/ नालों व यूपी सीमा क्षेत्र में मैटल डिटेक्टर द्वारा चेकिंग अभियान चलाने पर विचार किया गया। कालागढ़ रेंज, अमानगढ़ रेंज, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड पुलिस बल के साथ मिलकर सीमा से लगे ग्रामों व बाजारों में लिविंग विथ टाइगर थीम चलाने पर विचार किया गया। बाघ के आबादी क्षेत्र में आवागमन को रोकने हेतु पुलिस सहायता लेने पर जोर दिया। यहां मनीष कुमार रेंजर, कालागढ़, नन्द किशोर रूबाली, खुशबू उपाध्याय वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ रेंज आदि रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों को पालिका में मिलाने का विरोध

रामनगर : नगरपालिका क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र को शामिल किए जाने के विरोध में ग्राम कानिया में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि हम किसी भी शर्त पर नगर पालिका में शामिल नहीं होना चाहते। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि जिन क्षेत्रों को नगरपालिका में शामिल किया गया है वहां का क्षेत्रफल अधिक है और जनसंख्या बेहद कम है तथा अधिकांश क्षेत्र नगर पालिका से बहुत दूर है। ग्रामीणों ने कहा कि नगर क्षेत्र में शामिल होने पर बिजली और पानी महंगा हो जाएगा। लोगों से भवन कर वसूला जाएगा। गौशाला, मौन पालन, मत्स्य पालन मनरेगा आदि योजनाओं का लाभ बंद हो जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम नैनीताल से मिलकर अपनी आपत्ति को दर्ज करेगा।


**कार्यालय जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)**
दूरभाष नं. / फैक्स नं. - 05946-220883 ई-मेल - rso.haldwani@gmail.com

पत्रांक : 487/2024-2025/ प्रैस विज्ञप्ति दिनांक : 16-08-2024

शासनादेश संख्या 563/VI-3/2024-30(14)/2022/दिनांक 11 जुलाई, 2024 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा वर्ष 2024-25 में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण शिविरों हेतु कॉन्ट्रेक्ट प्रशिक्षकों को दिनांक 15 मार्च, 2025 तक निम्नलिखित स्थानों में उनके सम्मुख अंकित खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचालित किये जाने हैं, इच्छुक प्रशिक्षक आवेदन कर सकते हैं।

| क्र.सं. | स्थान | खेल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी। | बास्केटबाल, वूशु, स्क्वैश, छात्रावास वार्डन (फुटबाल) कम जिम ट्रेनर |
| 2 | देवलचौड़ हल्द्वानी। | फुटबॉल |
| 3 | अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार (हल्द्वानी) तरणताल हेतु | डाईविंग |
| 4 | खनस्यूं ओखलकांडा नैनीताल। | हैन्डबॉल |

1. यदि विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरान्त खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून से प्रशिक्षक शिविरों के संचालन के सम्बन्ध में संशोधित दिशा निर्देश प्राप्त होते हैं तो उक्त हेतु निर्धारित शर्तों / नियमों में आवश्यक संशोधन किया जायेगा।
2. उपरोक्त खेलों के प्रशिक्षण शिविर हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 24 अगस्त 2024 सायं 5 बजे तक होगी तथा प्रमाण पत्रों का सत्यापन 27 अगस्त 2024 को 11:00 प्रातः बजे से जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी में होगा। आवेदित प्रशिक्षकों को तिथि की सूचना दूरभाष के माध्यम से दे दी जायेगी।
3. उपरोक्त खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचालित करने के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर कॉन्ट्रेक्ट खेल प्रशिक्षकों की चयन नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
4. आवेदन पत्र एवं अन्य सूचना जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी से दिनांक 17 अगस्त 2024 प्रातः 10:00 बजे से 24 अगस्त 2024 सायं 4 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन करने वाले अभ्यार्थी को न्यूनतम एवं अधिकतम आयु क्रमशः 21 वर्ष एवं 70 वर्ष आयु वर्ग तक (शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये) सक्षम चिकित्सक का प्रमाण-पत्र संलग्न करना निर्धारित है।
5. खेल विभाग के मानकों के अनुसार कॉन्ट्रेक्ट खेल प्रशिक्षकों को बजट उपलब्ध होने पर प्रतिमाह निर्धारित मानदेय देय होगा।
6. जिन खेलों में विभागीय प्रशिक्षकों की नियुक्ति होगी उन सम्बन्धित खेलों में तदर्थ / कॉन्ट्रेक्ट प्रशिक्षक की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

जिला क्रीड़ा अधिकारी
हल्द्वानी (नैनीताल)























## सार-संक्षेप



गाजर घास जागरूकता एवं प्रबंधन सप्ताह के शुभारंभ पर वैज्ञानिक और विद्यार्थी।

### गाजर घास से चर्मरोग-अस्थमा सहित पशुओं में दूध की कमी

पंतनगर : जीबी पंत कृषि विवि के फसल अनुसंधान केंद्र पर गाजर घास ( पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस ) जागरूकता एवं प्रबंधन सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इसमें प्राध्यापक डॉ. तेज प्रताप ने गाजर घास से मनुष्यों, पशुओं और पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी दी। यह कार्यक्रम देशभर में 16 से 22 अगस्त तक आयोजित किया जाता है। अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार शोध परियोजना के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में परियोजनाधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इस खरपतवार के प्रकोप से ऑस्ट्रेलिया में फसलों को लगभग 60-70 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। जबकि भारत में अकृषित व कृषित क्षेत्रों में अकेले खरपतवार से मनुष्यों में डरमेटाईटिस, एलर्जी, चर्म रोग, फीवर और अस्थमा ( श्वांस ) आदि बीमारियों सहित पशुओं द्वारा गाजरघास खाने से उनके दूध में कमी और विषाक्तता उत्पन्न हो जाती है। कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता कृषि डॉ. शिवेंद्र कश्यप ने बताया गाजरघास का समाधान सामूहिक रूप से अभियान चलाकर ही किया जा सकता है। निदेशक शोध डॉ. अजीत सिंह नैन ने गाजर घास जागरूकता अभियान के महत्व को समझाते हुए विवि के सभी अनुसंधान केंद्र प्रभारियों और विद्यार्थियों की सहभागिता को आवश्यक बताते हुए गाजर घास के उन्मूलन पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन एपी डॉ. विनीता राठौर ने किया। इस दौरान डॉ. एसके वर्मा, सीजीएम फार्म डॉ. जयंत सिंह, डॉ. राजेश प्रताप सिंह, डॉ. आनंद सिंह जीना, डॉ. डीके सिंह, डॉ. गुरविंदर सिंह, डॉ. सुनीता टी. पांड्येय, डॉ. एमएस नेगी, डॉ. जेपी पुरवार मौजूद रहे।

### 6 सूचकांकों को शत-प्रतिशत करने की ली शपथ

रुद्रपुर : मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देश के बाद स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जनपद के सभी 375 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 6 सूचकांकों को शत-प्रतिशत करने की शपथ ली गयी। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। आकांक्षी भारत कोलैबोरेटिव, पिरामल फाउंडेशन की टीम रुद्रपुर, गदरपुर, सितारगंज व बाजपुर की 11 ग्राम सभाओं में उपस्थित रही। विकासखंड गदरपुर के खटोला जगनपुर पंचायत में सभा को संबोधित करते हुए पिरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड आशीष भटनागर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पेयजल और कृषि के सूचकांकों को पूर्ण रूप से संतृप्त किए जाने का प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित करते हुए व्यापक जन जागरूकता प्रसारित करने की अपेक्षा की। साथ ही सभी ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के सदस्यों के द्वारा शपथ ली गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, जल के तहत मिलने वाली योजनाओं से सभी को जोड़ा जाएगा।

### दलित समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर रोष

काशीपुर : भीम आर्मी एवं बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भड़काऊ बयानबाजी करने व अल्पसंख्यक, बहुजन समाज को अपमानित करने का एक अधिवक्ता पर आरोप लगाया है। वहीं अधिवक्ता के खेद जताने पर मामले का पटाक्षेप हो गया। गुरुवार को एएसपी को सौंपे शिकायती-पत्र में भीम आर्मी एवं बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीते दिनों एक अधिवक्ता द्वारा अभद्र टिप्पणी कर अल्पसंख्यक तथा बहुजन समाज को अपमानित किया गया है। साथ ही वर्तमान सांसद नगीना भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आज़ाद को अपशब्द बोला गया है। वहीं शुक्रवार को आरोपी अधिवक्ता के खेद जताने पर मामले का पटाक्षेप हो गया।

# छठी पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न वाजपेयी

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया कार्यक्रम का आयोजन, पूर्व प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और मंडल प्रभारी भारत भूषण चुघ व मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा ने रामेश्वरपुर मोड़ पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि पूर्व पीएम वाजपेयी जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे थे। राजनीति में आने से पूर्व वह एक पत्रिका के संपादक और श्रेष्ठ कवियों में गिने जाते थे उनकी कविताएं आज भी प्रासंगिक हैं। मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा ने कहा कि पूर्व पीएम ने जिस पार्टी को अपने खून पसीने से सींचा था आज देश का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता उनके बलिदान को नमन करता है और उनके बताये मार्ग पर ही चलकर सदैव पार्टी हित में कार्य करेगा। इस दौरान बंटी खुराना, रघुवीर सिंह, राजेश कश्यप, जयप्रकाश तिवारी, चंचल सिंह, सीमा रस्तोगी, धर्मेंद्र तिवारी, सागर कश्यप, अमित कश्यप, ओम कश्यप, शिवम कश्यप, आशीष कुमार, बलजीत गाबा, गुरदीप कामरा, राजकोली आदि मौजूद थे।

**किच्छा:** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के रुद्रपुर मार्ग स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर एसके अवस्थी, मनोज गुप्ता, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, योगेंद्र कश्यप, नवीन सिंह, विशाल चौहान, संजय यादव आदि रहे।


पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


काशीपुर में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई।

### खटीमा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे पौधे

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने इस दौरान शहीद स्थल के बाहर लोगों को पौधे वितरित किए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, किशन सिंह किन्ना आदि मौजूद रहे।


खटीमा में लोगों को पौधे वितरित करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अटल जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार हैं

काशीपुर : भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें रामपुरम स्थित अटल बिहारी पार्क में स्वर्गीय अटल बिहारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन चीमा ने कहा कि अटल जी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं। उनका जीवन केवल जीवन नहीं, बल्कि संस्कारों की मिसाल है। विचार गोष्ठी में पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने अद्वितीय नेतृत्व और राष्ट्रवादी सोच से भारत को एक नई दिशा दी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, पीसीयू अध्यक्ष राम मेहरोत्रा, गुरविंदर सिंह चंडोक, आशीष गुप्ता, इंतजार हुसैन, अभिषेक गोयल, बृजेश पाल, कमलेश कुमार, ईश्वर चंद्र गुप्ता, अर्जुन सिंह, विपिन अरोरा, शाहनवाज खान, मंजू यादव, सुधा शर्मा, राहुल पैगिया, रीति नगर, उषा शर्मा, रेखा सक्सेना, मनोज मनराल मौजूद रहे।

### मगरमच्छ ने 4 बत्तखों को बनाया निवाला

**किच्छा:** ग्राम कुरैया स्थित नदी में मगरमच्छ दिखने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। नदी के पास टहल रही चार बत्तखों को मगरमच्छ ने निवाला बना लिया। जानकारी के बाद चौकी पुलिस तथा वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू करने के बाद उसे सुरक्षित गौला नदी में छोड़ दिया।

# जिले में 4951 अभ्यर्थी देंगे सहायक अध्यापक की परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे की अध्यक्षता में उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से 18 अगस्त को आयोजित सहायक अध्यापक (एलटी) की परीक्षा को सफलतापूर्वक कराये जाने के लिए बैठक आयोजित हुई। जनपद में कुल 4951 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। साथ ही एक नोडल अधिकारी और चार सेक्टर मजिस्ट्रेट भी बनाये गये हैं।


अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे। ● अमृत विचार

शुक्रवार के बैठक के दौरान प्रभारी अधिकारी पांडे ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अभिहित अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी व जिला युवा कल्याण अधिकारी को आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षकों परीक्षा प्रारंभ होने से तीन घंटे पूर्व उपस्थित होंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद फुलारा, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रतिनिधि सुशील नौटियाल, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू ने उठाई डीएम का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

**समर्थन**

- ट्रंचिंग मैदान साफ कराने पर भी जताया आभार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सीएम को संबोधित ज्ञापन भेजा और ट्रंचिंग मैदान साफ करने पर डीएम का स्वागत भी किया। उनका कहना था कि गन्ना फसल को लेकर डीएम ने बेहतर समाधान निकाला था। ऐसे में गन्ना व धान की फसल तक डीएम का कार्यकाल बढ़ाया जाए।

शुक्रवार को भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी सहित पदाधिकारियों का शिष्टमंडल डीएम कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। साथ ही डीएम उदयराज सिंह को सम्मानित भी किया। उनका कहना था कि जनपद के जिलाधिकारी का कार्यकाल प्रशंसा भरा रहा है।


डीएम से मिलकर लौटते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि गन्ना प्रकरण को लेकर डीएम ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए। ऐसे में गन्ना व धान की कटाई नजदीक है। ऐसे में ईमानदार छवि के डीएम का कार्यकाल बढ़ाना चाहिए। तभी किसानों की समस्याओं का समाधान हो सकता है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, संतोष सिंह जिला मंत्री खुर्शीद, मलूक सिंह सतनाम सिंह, निरवैल सिंह, सुखविंदर सिंह, साहब सिंह, सविंद्र सिंह, अमन ढिल्लो, तजविंदर सिंह, देवेंद्र सिंह, सुधांशु डंग आदि मौजूद रहे।

### ग्राम बरखेड़ी में मतदान को लेकर हुई चर्चा

रुद्रपुर : बाजपुर के ग्राम बरखेड़ी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में नागरिकों, मतदाताओं को लोक सभा चुनाव 2024 विषय पर ज्ञान दृष्टकोण और अभ्यास का अंतिम चरण सर्वेक्षण- 2024 पर केंद्रित समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में कम मतदान के कई कारण बताए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील ने बताया कि बैठक में मौजूद मतदाताओं से मतदाता सूची में पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया, मतदान का महत्व, कम मतदान के कारण आदि के संबंध में जानकारी ली गई। चर्चा में ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया में आवश्यक सुधार, मतदान प्रतिशत वृद्धि, विशेषकर युवा मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी को बढ़ाने को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे गये। अर्थ एवं संख्या निदेशालय से आये अर्थ एवं संख्याधिकारी गोपाल गुप्ता ने मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में उनके ज्ञान, दृष्टिकोण और समस्याओं और उनके सुधारों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अर्थ एवं संख्याधिकारी गोपाल गुप्ता, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, सदस्य जिला पंचायत हरदेव सिंह हैरी, बीएलओ सहित ग्रामीण मौजूद थे।

**अपील** पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया

# बसपा की विस कार्यकारिणी का गठन किया

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की बैठक में विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जसपुर विस क्षेत्र के बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक चेयरमैन पद के दावेदार वसीम अहमद सिद्दीकी के जसपुर लकड़ी मंडी स्थित कैम्प कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में की गई। इसमें जसपुर विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके लिए नसीम अहमद व जाहिद हुसैन मंसूरी को विधानसभा प्रभारी, सत्यपाल सिंह सागर को अध्यक्ष, संजय कुमार प्रजापति को उपाध्यक्ष, किशन कुमार सैनी को महासचिव, सुमित कुमार को कोषाध्यक्ष, मोहम्मद दाऊद को सचिव, डॉ. शिवेन्द्र कुमार को बामसेफ संयोजक व पंकज कुमार को बीपीएफ संयोजक चुना गया। बसपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। इस मौके पर बसपा जिला सचिव रवि राज एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सागर, फूल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, साबिर हुसैन, डॉक्टर बीएस गौतम आदि मौजूद रहे।


बसपा की बैठक में जसपुर विधानसभा कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### चेयरमैन पद के लिए वसीम का नाम हाईकमान को भेजा जाएगा

जसपुर : बसपा विधानसभा अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सागर ने कहा कि जसपुर नगर पालिका चुनाव के लिए बसपा प्रत्याशी बनाए जाने के लिए केवल वसीम अहमद सिद्दीकी के नाम पर ही विचार किया जा रहा है। प्रबल संस्तुति कर उनका नाम पार्टी हाईकमान को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि समीपवर्ती नगर पंचायत महुआडाबरा के चेयरमैन प्रत्याशी के लिए तीन नामों पर मंथन चल रहा है।



## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

खटीमा : दिल्ली से टनकपुर जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आकर वृद्ध की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर मझोला निवासी इश्तियाक हुसैन (70) पुत्र अकबर हल्दी देवहा फीडर संख्या 31 के पास करीब सवा तीन बजे टनकपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रेलवे पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत ले जाकर भर्ती कराया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतक अविवाहित था और जन्म से बोल और सुन नहीं सकता था। संभवतः इसी के चलते हादसा हो गया।


इश्तियाक हुसैन।

परिजनों में मचा कोहराम, घर में घुसकर मारपीट व अश्लील हरकत करने का था आरोप, लापरवाही का आरोप

# हल्द्वानी जेल में बंद जसपुर के युवक की मौत

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** जसपुर के युवक की हल्द्वानी जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।


इस्लामुद्दीन।

जसपुर के मोहल्ला जुलाहान वार्ड नंबर सात निवासी 32 वर्षीय इस्लामुद्दीन पर मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 3 निकट अबुबकर मस्जिद निवासी एक महिला ने 24 जून को घर में घुसकर मारपीट व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर धारा 324, 354, 376, 452, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे हल्द्वानी जेल भेज दिया था। वह दो महीने से जेल में बंद था। उसकी 14 अगस्त को हल्द्वानी जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया। 15 अगस्त को उसका शव जसपुर पहुंचा। इस दौरान उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों व सगे संबंधियों ने गमगीन माहौल में उसकी अंत्येष्टि कर दी।

#### मृतक के पिता ने लगाए जेल प्रशासन पर आरोप

जसपुर : मृतक इस्लामुद्दीन के पिता असगर ने बताया कि जेल प्रशासन द्वारा उन्हें पुत्र की मौत की सूचना नहीं दी गई। उसकी मौत की सूचना हल्द्वानी जेल में किसी और मामले में बंद जसपुर के एक अन्य युवक के माध्यम से मिली। उसके बाद जसपुर पुलिस ने रात को उन्हें इस्लामुद्दीन की मौत की सूचना दी। सूचना मिलने पर उसके पिता असगर अली, अन्य परिजन व मोहल्ले वासी घटना की तहकीकात करने हल्द्वानी पहुंचे। मृतक के पिता ने बताया कि जेल प्रशासन उनके पुत्र की मौत को लेकर उन्हें गुमराह कर रहा है। जेल प्रशासन कह रहा है कि अचानक उसकी तबीयत खराब होने पर उसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी उसने दम तोड़ दिया। जबकि जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों से उसे उपचार हेतु कहीं ले जाए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। मृतक के पिता ने बताया कि जेल में बंद जसपुर के अन्य युवक ने बताया कि 14 अगस्त को इस्लामुद्दीन के सीने में अचानक दर्द हुआ था। उक्त युवक ने उसके सीने की मालिश की थी। इसी दौरान जेल में ही उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने बताया कि इसी से अंदाज लगाया जा रहा है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई। उन्होंने कहा कि यदि इस्लामुद्दीन को समय से उपचार मिल गया होता तो उसकी जान बच सकती थी।

#### 30 जुलाई को मिलने गए थे पिता व पत्नी

जसपुर : मृतक इस्लामुद्दीन के पिता ने बताया कि वे और मृतक की पत्नी आशमा खातून 30 जुलाई को अंतिम बार उससे मिलने गए थे। उसकी इच्छा के अनुसार वे उसके खर्च के लिए वहां 2 हजार रुपये जमा करके आए थे। उसने उनसे अपने मन की कोई और बात नहीं बताई थी।

#### परिजनों से अलग रहता था मृतक

जसपुर : मृतक इस्लामुद्दीन अपने पीछे पत्नी, 12 वर्षीय पुत्र व उससे छोटी दो पुत्रियां छोड़ गया है। जेल जाने से पहले वह अपने परिजनों से अलग मोहल्ले में ही किराए के मकान में रहता था।

#### सीसीटीवी में बैठा दिख रहा है इस्लामुद्दीन

हल्द्वानी : मृतक इस्लामुद्दीन विगत दो माह से कोर्ट के आदेश पर हल्द्वानी उप कारागार में बंद था। बुधवार को सीसीटीवी फुटेज में वह अपनी बैरक में आराम से बैठा दिख रहा है। शाम करीब चार बजे उसने बताया कि उसकी तबियत खराब हो रही है। उसे तुरंत ही डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि मौत की वजह जानने के लिए अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# राखी की आड़ में शराब बेचते तीन भाई गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अपराध**

- रोडवेज के सामने ठेले पर बेच रहे थे शराब
- ठेके पर ऊपर रखी थी राखी, नीचे से 15 पव्वे हुए बरामद

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन पर जहां भाई अपनी बहन को अपनी कमाई से गिफ्ट देता है, वहीं थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले तीन भाइयों ने रक्षा सूत्र राखी बेचने के ठेले पर शराब बेचने का धंधा शुरू कर दिया।

आबकारी विभाग को भनक लगते ही टीम ने छापा मार दिया और कई पव्वे बरामद करते हुए तीनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

आबकारी निरीक्षक महेंद्र बिष्ट अपनी टीम के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। अचानक रोडवेज के समीप राखी के ठेले पर भीड़ लगी थी, क्योंकि रोडवेज की शराब की दुकान निरस्त होने के बाद आबकारी निगरानी भी कर रही थी। इसी दौरान जब टीम ने देखा कि ठेले पर भीड़ लगी है तो उन्होंने छापा मार दिया। पाया कि थाना ट्रांजिट कैंप के शिवनगर निवासी रामपाल, कमल और राजेश सगे भाई अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे हैं। जब राखी के नीचे देखा तो टीम ने ठेले से 15 अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद किये। इसके बाद तीनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया।

# हत्यारोपी को फांसी दिलाने की उठाई मांग

## नर्स हत्याकांड : कांग्रेसियों ने एसपी सिटी को सौंपा ज्ञापन, पुख्ता सबूत के आधार पर हो चार्जशीट दाखिल

संवाददाता, रुद्रपुर

**30** जुलाई को निजी अस्पताल में कार्य करने वाली नर्स लापता हो गई थी

**08** अगस्त को उसका सड़ा-गला शव डिबडिबा यूपी के खाली प्लाट में मिला था

**अमृत विचार:** नर्स हत्याकांड को लेकर आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी को ज्ञापन सौंपा और हत्याकांड के आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पुख्ता सबूत के आधार पर पुलिस अपनी चार्जशीट पेश करें। ताकि हत्या आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।

शुक्रवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा सहित महिला कांग्रेस की कार्यकत्रियां एसएसपी कार्यालय पहुंची और एसपी सिटी मनोज कत्याल को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि 30 जुलाई को निजी अस्पताल में कार्य करने वाली नर्स लापता हो गई थी और 8 अगस्त को उसका सड़ा-गला शव डिबडिबा यूपी के खाली प्लाट में मिला था। जिसके बाद पुलिस ने मोबाइल बरामदगी के आधार पर बरेली के हत्यारोपी को गिरफ्तार कर खुलासा भी किया।

उन्होंने बताया कि जिस प्रकार आरोपी ने नर्स की जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया है। वह क्रूरता पूर्वक है। ऐसे में हत्या आरोपी को फांसी की सजा होने चाहिए। तभी अपराधियों में भय व्याप्त हो सकता है। उन्होंने एसपी सिटी से प्रकरण की बारीकी से तफ्तीश करने और पुख्ता सबूतों के आधार चार्जशीट दाखिल करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, सचिव चंद्रा आर्य, महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली, बीडीसी राखी जोशी, सरोज रानी, मंजू जैन, पूनम गुप्ता, ममता शर्मा, सावित्री देवी, इंद्रावती, चंद्रा जोशी, गंगा देवी, माया, नेहा राय, जानकी, रेखा यादव, सुनीता सैनी, मीना सिंह, बलवीर कौर, रेखा यादव, बकुल साना, सुरेंद्र कौर, अंकिता अधिकारी आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में एसपी सिटी को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

#### पिता ने अधूरे खुलासे का लगाया आरोप

रुद्रपुर : नर्स हत्याकांड के खुलासे पर अब मृतक के पिता ने ही सवाल खड़ा कर दिया है। इसको लेकर उन्होंने सीएम पोर्टल में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि पुलिस ने महज मोबाइल बरामदगी के आधार पर मनगढ़ंत कहानी बनाकर हत्याकांड का खुलासा किया है। सवाल उठाए कि हत्यारोपी शामिल हो सकता है, लेकिन एक ही व्यक्ति ने जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया। यह कहानी ठीक नहीं है। वहीं शिकायतकर्ता ने अस्पताल की कार्यशैली पर भी कई गंभीर आरोप लगाया है। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे। थाना गदरपुर की रहने वाली मृतक नर्स की बहन ने सीएम पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। वहीं मृतक नर्स के पिता का कहना था कि बेटी का मोबाइल तीन जुलाई की शाम को ही गाबा चौक पर बंद हो गया था। 31 जुलाई को तहरीर दी गई। बावजूद पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन से कोई पूछताछ नहीं की और न ही परिवार से बातचीत की। सवाल उठाए कि घटनास्थल का मौका मुआयना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक व्यक्ति द्वारा बलात्कार, हत्याकांड व लूट की घटना नहीं की जा सकती है।

# छात्राओं से छेड़छाड़, युवकों पर हमला कर किया घायल

**दुस्साहस**

- रुद्रपुर-बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र की वारदात
- पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, दो दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली रुद्रपुर व बिलासपुर कोतवाली के सीमावर्ती इलाके में ट्यूशन पढ़ने वाली छात्राओं से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मनचलों ने दो युवकों पर हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर यूपी-उत्तराखंड की पुलिस ने घटना की जानकारी ली और आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि यूपी पुलिस ने एक शादीशुदा युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि रुद्रपुर पुलिस ने युवकों को मेडिकल परीक्षण कर रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

कोतवाली बिलासपुर मानपुर ओझा की रहने वाली कुछ छात्राएं प्रीत विहार फेस दो कोतवाली रुद्रपुर इलाके में ट्यूशन पढ़ने आती हैं। दोनों ही कोतवाली की सीमावर्ती होने के कारण मानपुर ओझा के रहने वाले विशेष समुदाय के युवक अक्सर बॉर्डर को पार कर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अश्लील इशारे करते रहते हैं। गुरुवार को भी जब छात्रा ट्यूशन पढ़कर वापस मानपुर ओझा लौट रही थी। तभी एक शादीशुदा युवक के साथ कुछ युवक आये और छात्राओं से छेड़छाड़ शुरू करने लगे। जिसे देख दो युवकों ने इसका विरोध किया तो आरोपी हमलावरों ने हमला कर घायल कर दिया। घटना को लेकर सीमावर्ती गांव में हंगामा खड़ा हो गया।


सूचना मिलने पर कोतवाली रुद्रपुर के एसएसआई अशोक कुमार व बिलासपुर यूपी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद बिलासपुर-रुद्रपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया। तय हुआ कि आरोपियों की धरपकड़ यूपी पुलिस करेगी और घायलों का रुद्रपुर पुलिस मेडिकल करवाकर दोनों ही कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। पुलिस की कार्रवाई के बाद मनचलों में हड़कंप मच गया और आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने धरपकड़ की कार्रवाई तेज कर दी है।


सीमावर्ती यूपी-रुद्रपुर गांव में घटना की जानकारी लेती यूपी-उत्तराखंड पुलिस।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** प्रतापपुर जा रहे बाइक सवार को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार भाई की मौत हो गई जबकि बहन घायल हो गई।


परमजीत सिंह।

जरासु प्रतापपुर वार्ड नंबर छह निवासी परमजीत सिंह (55) अपनी बेटी के यहां पटपुरा गैंग गए थे। वह वहां से अपनी बाइक से अपनी बहन अमरजीत कौर को साथ लेकर घर के लिए लौट रहे थे। वह झनकट के पास पहुंचे थे कि लिंक रोड से हाइवे पर आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे परमजीत सिंह और उसकी बहन अमरजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान परमजीत सिंह ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। मृतक के एक पुत्र सुखविंदर सिंह और एक पुत्री है जिसके घर से वह लौट रहे। जबकि पुत्र पिछले दो साल से इंग्लैंड में है। घर पर अकेली पत्नी जसवीर कौर, पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### हाइवे पर खड़े डंपर से टकराई बाइक

किच्छा : राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े डंपर से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। नालंदा स्कूल के निकट थाना पुलभट्टा निवासी अर्जुन, आजाद नगर थाना किच्छा निवासी वासु, बंगाली कॉलोनी किच्छा निवासी अजय बाइक पर किच्छा से पुलभट्टा की तरफ जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान तेज गति में बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर खड़े डंपर से टकरा गई। घटना के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा के बाद गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चालक द्वारा सर्विस लेन पर खड़ा करने की बजाय डंपर को सड़क पर ही खड़ा किया गया था।

## मादा गुलदार का शव बरामद हुआ

**काशीपुर:** तराई पश्चिमी वन प्रभाग की काशीपुर रेंज में स्थित स्कॉर्ट फार्म में मादा गुलदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को नष्ट कर दिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। शुक्रवार की सुबह काशीपुर के स्कॉर्ट फार्म की स्थित एक खेत में लोगों को गुलदार शव दिखा। गुलदार का शव देखकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

# अवैध कालोनियों के खिलाफ चलाया अभियान

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कृषि भूमि पर अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनी के खिलाफ प्रशासन ने अभियान चलाया। जेसीबी के माध्यम से कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है। प्रशासन की टीम ने 3 अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा करते हुए जेसीबी के माध्यम से कॉलोनी में अवैध रूप से किए गए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम कौस्तुभ मिश्र ने चेतावनी दी कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी कीमत पर भी प्रशासन की स्वीकृति के बिना अवैध कालोनी काटने नहीं दी जाएगी।

किच्छा तहसील अंतर्गत बंगाली कॉलोनी, आजाद नगर, किशनपुर, किच्छा बायपास आदि क्षेत्रों में कृषि भूमि पर लगातार अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। शुक्रवार को लगातार हो रही बारिश के बावजूद उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विकास प्राधिकरण एवं तहसील प्रशासन की टीम तीन जेसीबी मशीन लेकर ग्राम आजाद नगर पहुंची। जहां उन्होंने सांवरिया कॉलोनी के नाम से करीब 5 एकड़ भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कॉलोनी क्षेत्र में लाखों रुपए की लागत से बनाई गई सड़कों को प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीनों के माध्यम से ध्वस्त कर दिया और बिना नक्शा पास कराए एक निर्माणाधीन मकान की दीवारों को भी जेसीबी मशीन से तोड़ दिया। कॉलोनी में कार्रवाई के बाद प्रशासन की टीम आजाद नगर क्षेत्र अंतर्गत बंगाली कॉलोनी पहुंची। एसडीएम मिश्रा ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जमीन प्लॉट खरीदने से पूर्व दस्तावेजों के संबंध में पूरी जानकारी ले लें।


किच्छा में खेत के बीच बनाई गई सड़क तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

**राहत** दो जुलाई से लापता था हमजा, बरामदगी के बाद किशोर न्याय बोर्ड में किया पेश, झांसा देकर साथ ले गया कारपेंटर

# लालकुआं में बरामद हुआ लापता हमजा, परिवार में खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** डेढ़ माह से लापता बालक हमजा बेग को आखिरकार लालकुआं कोतवाली पुलिस ने बरामद कर लिया है। बालक की बरामदगी के बाद जहां परिवार में खुशी का माहौल है। लालकुआं पुलिस के अनुसार हमजा एक कारपेंटर के घर पर था और मौका पाकर वहां से भाग था। सूचना मिलते ही रुद्रपुर पुलिस ने बालक को साथ लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर लापता बालक के परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दो जुलाई को सुभाष कॉलोनी निवासी शब्बू खान का 13 वर्षीय हमजा बेग घर से लापता हो गया था। शाम साढ़े सात बजे के करीब हमजा की आखिरी लोकेशन रेलवे स्टेशन दिखाई दी। प्रकरण को लेकर राजनीतिक दलों ने धरना प्रदर्शन कर बरामदगी की मांग उठाई थी। अचानक शुक्रवार की सुबह हमजा के चाचा को लालकुआं पुलिस की कॉल आयी और सकुशल हमजा की बरामदगी की सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल हो गया और देखते ही देखते लालकुआं कोतवाली में लोगों की भीड़ जुटने लगी। इस दौरान पुलिस पूछताछ में हमजा का कहना था कि उसे एक कारपेंटर द्वारा क्रिकेट एकेडमी में रजिस्ट्रेशन का झांसा देकर ले गया और कारपेंटर का कार्य कराने लगा। कई दिन बीत गए तो वह मौका पाकर वहां से भाग गया और पुलिस की गाड़ी देख पुलिस से परिजनों से मिलने की गुहार लगाई। बालक की आपबीती सुनने के बाद पुलिस ने फौरन सक्रियता दिखाते हुए रुद्रपुर पुलिस से संपर्क किया। सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल लालकुआं पहुंचे और बालक को साथ लेकर किशोर न्याय बोर्ड ले गए। बालक के बयान दर्ज करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया और कोर्ट के आदेश पर परिजनों के सुपुर्द किया गया।


रो-रोकर लोगों का आभार जताती मां। ● अमृत विचार


पिता के साथ हमजा।

#### रुद्रपुर पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

रुद्रपुर : हमजा की गुमशुदगी को लेकर जहां पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गंभीर आरोप लगाए। वहीं परिजनों ने पुलिस पर सुस्त खोजबीन का आरोप लगाया। पूर्व विधायक ठुकराल का आरोप था कि हमजा के लापता होते ही पुलिस से कई बार गुहार लगाई। यहां तक हमजा की मां ने रो-रोकर टीमें लगाने की गुहार लगाई। बावजूद पुलिस गुमराह की करती रही और रुद्रपुर से महज बीस किलोमीटर की दूरी लालकुआं से किशोर बरामद होता है। वहीं परिवार ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज के साथ ही पुलिस प्रशासन ने महज दो सिपाही ही साथ दिए और टीमें लगाने का हवाला देते रहे।

# सोशल मीडिया से आया आइडिया

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** क्रिकेट एकेडमी में जाने की जिद को पूरा करने के लिए हमजा ने घर से भागने का आइडिया सोशल मीडिया में देखा था। सोशल मीडिया में चली एक कहानी के मुताबिक एक युवक घर से भागता है और जब बरामद होता तो परिवार के लोगों ने उसे क्रिकेट एकेडमी में भेज दिया था। इसी कारण हमजा ने भी इसी आइडिया को आत्मसात कर भागने का निर्णय लिया।

लालकुआं कोतवाली प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि हमजा से हुई पूछताछ में उसने बताया कि एक दिन वह मोबाइल पर फेसबुक देख रहा था। फेसबुक पर एक कहानी सामने आई। जिसमें एक युवक घर से लापता हो जाता है और जब बरामद होता है तो उसकी घरवालों ने क्रिकेट एकेडमी में जाने की जिद पूरी कर दी। इसके अलावा उसने सोशल मीडिया पर अपनी जिद मनवाने की कई कहानियां भी देखी। बताया कि वह भी कई दिनों से घरवालों पर क्रिकेट एकेडमी में जाने की जिद कर रहा था, लेकिन घर वाले टालमटोल कर रहे थे। जिसके बाद उसने दो जुलाई को घर से भागने का फैसला किया और शाम आठ बजे के करीब रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से लालकुआं स्टेशन पर उतर गया।

#### हमजा को लेकर घर में हुआ कलेश

रुद्रपुर : चर्चित हमजा लापता प्रकरण में घर से चले जाने के बाद उसकी मुलाकात ट्रेन में एक व्यक्ति से हुई। बताया कि व्यक्ति लालकुआं उसे अपने घर ले गया। जहां उसकी पत्नी ने इसका विरोध किया और तीन दिन बीत जाने के बाद घर में कलेश होने लगा तो व्यक्ति ने उसे पुनः रेलवे स्टेशन के आसपास छोड़ दिया। जहां उसकी मुलाकात एक कारपेंटर से हुई। आरोप था कि कारपेंटर उसे क्रिकेट एकेडमी में भेजने का झांसा देकर साथ ले गया और अपने साथ काम पर ले जाने लगा। जब उसे लगा कि कारपेंटर बेवकूफ बना रहा है। तो वह मौका पाकर वहां से भाग गया।

#### कारपेंटर से हो सकती है पूछताछ

रुद्रपुर : बरामद हमजा के बयानों के बाद कारपेंटर पर बंधक बनाने जैसे आरोप-प्रत्यारोप लगने शुरू हो गए हैं। जहां परिजन बंधक बनाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं आसपास के लोगों के मुताबिक कारपेंटर हमजा को किसी से भी नहीं मिलने देता था। जबकि आरोपी को पता था कि किशोर घर से लापता है। ऐसे में कारपेंटर की वास्तविक कहानी क्या होगी। इसके लिए रुद्रपुर पुलिस कारपेंटर से पूछताछ कर सकती है। यदि कारपेंटर ने अपने ऊपर उठ रहे सवालों का सही से जवाब नहीं दिया तो पुलिस कार्रवाई कर सकती है।

## सार-संक्षेप



धर्मपुर पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### चौकी के नवनिर्मित भवन व स्मार्ट बैरक का उद्घाटन

जसपुर : एसएसपी ऊधमसिंह नगर डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कोतवाली जसपुर क्षेत्र की पुलिस चौकी धर्मपुर के नवनिर्मित भवन और स्मार्ट बैरक का पूजा- अर्चना के साथ उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जिले में पुलिस द्वारा नशे व चोरी की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर एसपी क्राइम ऊधम सिंह नगर, एसपी काशीपुर, एएसपी क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर, पुलिस उपाधीक्षक काशीपुर, प्रभारी निरीक्षक जसपुर, चौकी प्रभारी धर्मपुर व चौकी धर्मपुर , पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सरस्वती शिशु मंदिर में मंत्री सौरभ बहुगुणा को सम्मानित करते प्रबंधक।

### कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को किया सम्मानित

सितारगंज : सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व विद्यालय प्रबंधन ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद समाजसेवी शिवचरन जिंदल ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रबंधक शिवपाल चौहान व सह प्रबंधक पवन बड़सीवाल ने मंत्री सौरभ बहुगुणा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य कीर्ति बल्लभ गहतोड़ी ने किया। कार्यक्रम में संघ संचालक कुम्भ चंद मोरिजवाला, सख संघ संचालक सुरेश जोशी, अनिरुद्ध राय, राकेश त्यागी, आचार्य मनोज, रेखा गंगवार उपस्थित रहे।



सितारगंज में वन अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधने पहुंचीं एकल परिवार की बहनें।

### एकल परिवार की बहनों ने वन अधिकारियों को बंधे रक्षा सूत्र

सितारगंज : एकल परिवार द्वारा रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार पर विभिन्न स्थानों पर रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज एकल की बहनों ने बाराकोली रेंज में पहुंचकर वन विभाग के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का वादा रिटर्न गिफ्ट में लिया। वन विभाग द्वारा पर्यावरण संतुलन हेतु सभी को पौधे दिए। इस मौके पर संभाग सचिव लाल सिंह दायमा, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी संतोष मिश्रा, संरक्षक महेश मित्तल, अध्यक्ष साधना राणा, रवि रस्तोगी, शीतल सिंघल, सतीश उपाध्याय, सचिव संगीता जोशी, कोषाध्यक्ष सुलोचना रावत, उपाध्यक्ष रीता सक्सेना आदि मौजूद रहे।



सिटी कान्वेंट में प्राथमिक उपचार की जानकारी देते रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन।

### प्राथमिक उपचार पर लायंस क्लब सिटी की कार्यशाला

खटीमा : लायंस क्लब खटीमा सिटी के तत्वावधान में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्राथमिक चिकित्सा उपचार पद्धति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार पद्धति से अगस्त कराया गया। सिटी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन विमल कुमार ने किया। कार्यशाला में विमल कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को प्रथम दृष्टया प्राथमिक उपचार से संबंधित मुख्य और महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी प्रयोग विधि से दी। थारू राजकीय इंटर कालेज के एनसीसी एयर फोर्स विंग अधिकारी नरेंद्र रौतेला ने कैडेट्स को जीवन की महत्ता को समझाया।

# तीन दिन से पेयजल सप्लाई ठप, प्रदर्शन

## जल संस्थान व विद्युत विभाग की लापरवाही से पंप हाउस में लगी सबमर्सिबल मोटर खराब

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर झंडा तिराहा चक्कीमोड़ में पेयजल व्यवस्था ठप होने पर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन से पेयजल सप्लाई ठप रहने से उपभोक्ताओं ने चक्कीमोड़ झंडा तिराहे पर जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने अल्टीमेटम दिया कि 24 घंटे के अंदर पेयजल सप्लाई शुरू न होने पर कनेक्शन कटवाने के लिए बाध्य होंगे।

शुक्रवार को चक्कीमोड़ झंडा तिराहे पर व्यापारी नेता महेश बुधौरी व किसान नेता चंचल सिंह देऊपा के नेतृत्व में दर्जनों उपभोक्ता एकत्रित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज के चलते चक्कीमोड़ पंप हाउस में लगी सबमर्सिबल मोटर खराब होने से तीन दिन से चक्कीमोड़ बाजार के साथ नई बस्ती, कूल्हा, भट्टभोज लच्छी, मदनापुर, चरनपुर, खटोला एवं दिनेशपुर बाजार व वार्ड- एक में तीन दिन से पेयजल सप्लाई ठप हो गई है। लोगों को हैंडपंप का दूषित पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि 24 घंटे के अंदर पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं होने पर उपभोक्ता कनेक्शन कटवाने को बाध्य होंगे। उन्होंने अधिकारियों से शीघ्र सबमर्सिबल ठीक करवाकर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस नेता ललित खलिया, विक्रम सिंह नगरकोटी, गुलशन कुमार, गुड्डू मनराल, कन्हई सिंह, महेश बुधौरी, मनोज आर्या, हरीश खोलिया, वीर सिंह, राम सिंह मेहता, फूल सिंह, गगन राजपूत, चंद्रमणि देवराड़ी आदि मौजूद थे।

# कमेटी के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कमेटी के नाम पर करोड़ों की ठगी के मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। एसआईटी जांच में अभी तक 6.82 करोड़ की ठगी सामने आई है। बीती 4 अगस्त को आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया था।

शुक्रवार को मोहल्ला लाहोरियान निवासी गौरव मेहरोत्रा व आवास विकास निवासी अमन सक्सैना ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उन्होंने बताया कि शुगर फैक्ट्री निवासी सचिन शर्मा, मोहल्ला काजीबाग निवासी दर्शन लाल मेहरा व जसपुर निवासी राजेन्द्र लोगों को अपनी बैंक में कमेटी से अधिक ब्याज दिलाने के नाम पर लोगों से रुपए जमा कराता थे। आरोप लगाया कि आरोपियों के झांसे में आकर लोगों ने उन्हें 6.82 करोड़ जमा करा दिए। जिसके बाद आरोपियों ने वह धनराशि एक राय होकर हड़प लिए। वहीं पुलिस ने दोनों लोगों की तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की शुरू कर दी है। शुक्रवार की देर शाम कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन शर्मा को बाजपुर रोड स्थित एक होटल के कमरे में पकड़ लिया। इसके बाद उसको पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस की पूछताछ जारी थी। एएसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में पूछताछ के लिए आरोपी को थाने लाया गया है। पूछताछ अभी जारी है।

### फेसबुक आईडी हैक कर एक लाख ठगे

जसपुर : साइबर ठग ने एक युवक के दोस्त की फेसबुक आईडी हैक कर के उससे 1 लाख रुपये ठग लिए। गांव पतरामपुर निवासी युवक अरबाज ने बताया कि उसका दोस्त जसपुर निवासी नाजिम सऊदी अरब में रहता है। किसी साइबर ठग ने उसके दोस्त नाजिम की फेसबुक आईडी हैक कर ली। ठग ने नाजिम की आईडी से मैसेज भेज कर कहा कि उसे 1 लाख रुपये की सख्त जरूरत है। वह उसके नंबर पर यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन 1 लाख रुपए भेज दे। सऊदी अरब से आकर उसकी उक्त रकम वापस कर देगा। इस पर उसने दोस्ती के खातिर उसके विश्वास में आकर उसके नंबर पर यूपीआई के माध्यम से उसके द्वारा मांगी गई 1 लाख रुपए की रकम ऑनलाइन भेज दी। युवक ने उक्त मामले की सूचना साइबर क्राइम ब्रांच को दे दी है। उसके द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दे दी गई है।

### अज्ञात शव किया बरामद

सितारगंज : ग्राम गोठा पंडरी मार्ग के पास पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस अब शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे पुलिस को ग्राम गोठा के उपप्रधान संदीप कुमार द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी गयी। पंडरी गोठा मार्ग के पास एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति सड़क से 10 फ़ीट नीचे गिरा पड़ा था। पुलिस शव को लेकर सीएचसी पहुंची। जहां उसकी मौत की पुष्टि कर मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष आंकी गयी। आस पास के लोगों से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। परंतु खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो पायी।

### प्रधानमंत्री आवास का मुद्दा उठा

बाजपुर : आदर्श ग्राम धूरिया हरसान में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत शुक्रवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास, बिजली के बिल, शौचालय निर्माण सहित कई समस्याओं को उठाया। इस दौरान अनेक विभागों के स्टाल भी लगाए गए। इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार व अधिकारियों ने लोगों की जनसमस्याओं को सुना तथा महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध के समक्ष बैठक में उपजिला अधिकारी राकेश चंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान हरसान, जिला उपाध्यक्ष भाजपा व पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल किशोर भट्ट ने प्रस्तावित मिनी स्टेडियम की भूमि का विभागीय परिवर्तन होने की जानकारी दी।

# अपहरण के चार आरोपी धरे



मसवासी चौकी में पुलिस की गिरफ्त में अपहरण के आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सीमावर्ती मसवासी क्षेत्र के पत्रकार के अपहरण मामले में मसवासी स्वार रामपुर उप्र चौकी की पुलिस ने नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि पत्रकार की आरोपी पत्नी अभी फरार है।

मसवासी रामपुर यूपी में कार्यरत हाल निवासी मोहल्ला सुभाषनगर बाजपुर वरुण जैन एक हिंदी दैनिक अखबार पत्रकार हैं। आरोप है कि 13 अगस्त की देर रात करीब दस बजे वह अपनी कार में मसवासी से बाजपुर जा रहे थे। बार्डर के नजदीक बाजपुर-रामपुर मुख्यमार्ग पर स्थित ग्राम शिकारपुर घोघा नदी का पुल पार करते ही बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने कार की चाबी निकाल ली और तमंचे के बल पर अपनी कार में डालकर अपहरण कर ले गए। अन्य दो बदमाश वरुण जैन की कार और जेब से आठ हजार रुपये की नकदी लूट ले गए। हत्या के इरादे से हमलावर कार राष्ट्रीय राजमार्ग-74 की ओर ले गए। रास्ते में केलाखेड़ा पुलिस की गाड़ी देखकर वरुण जैन ने शोर मचा दिया। पुलिस ने कार का पीछा किया तो केलाखेड़ा में सरकड़ी गांव के नजदीक हमलावरों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मसवासी चौकी की पुलिस ने वरुण जैन की ओर से नामजद आरोपी अपहतकर्ता रायपुर चुन्नावाला स्वार रामपुर यूपी निवासी अर्जुन भारती, ग्राम केशोनगली स्वार रामपुर यूपी निवासी मदन पाल, चाऊपुरा मसवासी स्वार रामपुर यूपी निवासी राहुल मौर्य व दिपेश को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें कोर्ट के आदेशों पर जेल भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### साई पब्लिक स्कूल में गहतोड़ी स्मृति छात्रवृत्ति का शुभारंभ

काशीपुर : साई पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक व उत्तराखंड वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी की जयंती पर कैलाश चंद्र गहतोड़ी स्मृति छात्रवृत्ति का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। इसके तहत स्व. गहतोड़ी के पुत्र शशांक गहतोड़ी और उनकी पुत्रवधू आस्था गहतोड़ी द्वारा वर्ष 2023-24 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा-12 में पूरे काशीपुर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रतिभावान छात्र आशुतोष बिष्ट को 51,000 रुपये का चेक और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10 व 12 के उन सभी विद्यार्थियों को जिन्होंने उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया, उन्हें 40 हजार रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यहां विद्यालय के निदेशक चेतन अरोरा, प्राचार्या प्रीति मोहिंद्रा आदि मौजूद रहे।

### फायर झोंककर लूटपाट के आरोपियों की जमानत खारिज

काशीपुर : विगत दो वर्ष पूर्व ठाकुरद्वारा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता से 40 हजार रुपये नकदी व सोने की चेन लूटने व फायर झोंकने वाले चार आरोपियों को काशीपुर न्यायालय ने जेल भेज दिया है। काशीपुर के अधिवक्ता नदीम सिद्दीकी ने न्यायालय में परिवाद दायर करते हुए बताया था कि 22 अप्रैल 2022 को वह अपनी ईको स्पोर्ट कार में शाम साढ़े छह बजे काशीपुर से महागंज होते हुए ठाकुरद्वारा आ रहा था। इसी दौरान ग्राम पैगा में मंदिर के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए ठाकुरद्वारा निवासी उस्मान, शहजान, नफीस, इदरीस व सुलेमान ने बाइकों को उसकी कार के आगे लगा दिया। इसके बाद आरोपियों ने तमंचे के बल पर पीड़ित से 40 हजार की नकदी व सोने की चेन लूट ली। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपियों में से एक ने उस पर फायर झोंक दिया जिसमें वह बाल बाल बच गया। वहीं बुधवार को चार आरोपी न्यायालय में जमानत के लिए हाजिर हुए थे। जहां से न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी की कुछ समय पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

### चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की सजा

काशीपुर : न्यायिक मजिस्ट्रेट/ तृतीय अपर सिविल जज हर्षिता शर्मा की अदालत ने चेक बाउंस के दोषी को तीन माह के कारावास और साढ़े सात लाख के जुर्माने से दंडित किया। चैती मोड़ निवासी शीतल सैनी ने न्यायालय में अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण के माध्यम से धारा 138 एनआई एक्ट के तहत परिवाद दायर किया। इसमें कहा कि मोहल्ला आवास- विकास, शिव मंदिर के पास निवासी महेश गिरी से उसके पारिवारिक संबंध थे। महेश गिरी ने वर्ष 2020 में उससे साढ़े सात लाख रुपये उधार लिये। काफी तकादा करने के बाद उसने एक चेक दिया जो भुगतान के लिये बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। न्यायालय ने दोषी महेश गिरी को तीन माह के कारावास व साढ़े सात लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### प्रेमी युगल पहुंचे कोतवाली

जसपुर : एक प्रेमी युगल ने कोतवाली पहुंच कर पीछा कर रहे लोगों से अपना बचाव किया। कुछ लोगों को ग्रामीण क्षेत्र के एक प्रेमी युगल के फरार होने का पता चल गया। इस पर लोगों द्वारा प्रेमी युगल का पीछा करना शुरू कर दिया गया और वे प्रेमी युगल का पीछा करते- करते जसपुर पहुंच गये। जैसेही प्रेमी युगल को लोगों द्वारा उनका पीछा किए जाने का पता चला तो युवक-युवती दौड़ कर कोतवाली में पहुंचे और उन्होंने पुलिस को पूरा वाक्या बताया। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई।

### आईएमए ने की 24 घंटे के कार्य बहिष्कार की घोषणा

खटीमा : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन खटीमा शाखा ने 17 अगस्त प्रातः छह बजे से 18 अगस्त प्रातः छह बजे तक कार्य बहिष्कार निर्णय लिया है। अलबत्ता आपातकालीन सेवा को इससे मुक्त रखा गया है। आईएमए ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि कोलकाता के मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या जैसे कुकृत्य से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि आईएमए 17 अगस्त प्रातः छह बजे से 18 को प्रातः छह बजे तक कार्य का बहिष्कार करेगा।

### वर्ग पहेली-163

बाएं से दाएं

1.1. हार्दिक, मानसिक 2. सत्कारपरक, अंतरंग 3. दिल या हृदय से संबंधित 4. बहुत घनिष्ठ, गहरा।

4.1. जादूगर, ऐंद्रजालिक 2. सिद्ध पुरुष।

6.1. राज्य अथवा शासन संबंधी कार्य, राजतंत्र, राज्य व्यवस्था 2. प्रशासन।

8.1. वह जो हित चाहता हो, शुभेच्छु 2. लाभदायक, उपयोगी 3. स्वास्थ्यवर्धक।

10. सूखी लकड़ियां काटने और उन्हें इकट्ठा कर बेचने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे


2. कर वसूलने वाला अधिकारी।

3.1. जिसकी देखरेख करने वाला कोई न हो 2. जिसके माता पिता न हों; अनाथ।

5.1. लगभग चार जौ के बराबर की एक तौल जो जवाहरात आदि तौलने के काम आती है 2. प्राचीन काल में प्रचलित एक छोटा सिक्का।

7. जोरों की लड़ाई, घोर युद्ध।

9.1. एक प्रकार का बड़ा बरतन जिसके मुंह पर अनेक छेद होते हैं तथा जिससे गमलों में पानी डाला जाता है, छिड़काव के काम में आने वाली अनेक (असंख्य) छिद्रों वाली बाल्टी 2. फुहारा, (फाउंटेन) 3. बहुत से पटलों अथवा पंखुड़ियों वाला फूल 4. एक तरह की आतिशबाजी।



### वर्ग पहेली -162 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 भे | री | | 2 अ | | 3 फ़ |
| | | 4 हि | मा | ग | ती |
| | 5 हि | | नु | | ला |
| 6 डि | म | | षि | | |
| | 7 ता | र | क | श | |
| 8 कू | ज | | ता | | 9 डुं |
| | | | | 10 लाँ | क |

### सुडोकू-76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | | | 7 | 3 | 4 | | 5 |
| 5 | | | | | 1 | | | 2 |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| 8 | | 1 | | | | 6 | | 9 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 6 | | 5 | | | | 7 | | 8 |
| | 2 | | | | | 5 | | |
| 3 | | | 4 | | | | | 1 |
| 9 | | 4 | 6 | 3 | | | 8 | 7 |

### सुडोकू -75 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अगस्त शनिवार 2024 संवत- 2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष- शुक्ल पक्ष, तिथि- द्वादशी 08.05 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- वर्षा।

चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा 11.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आपको लाभ मिलेगा। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर में मनोरंजन और उत्साह का माहौल रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े सशंकित रहेंगे। अपने व्यवहार को संतुलित रखें।

**वृष** आज वर्तमान समय उपलब्धियों से भरपूर रहने वाला है। दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र की स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी। दूसरों के काम में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। इसके कारण आपको विवाद की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** आज आपकी आय में वृद्धि होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहसबाजी से बचना चाहिए। आपको एसिडिटी की समस्या हो सकती है। सामाजिक गतिविधियों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। फाइनेंस आदि के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों में काफी अच्छा तालमेल रहने वाला है। मनोनुकूल कार्यों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पुरानी मेहनत का उत्तम परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह** आज वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहने वाला है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए प्रोजेक्ट को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। आपकी सामाजिक छवि खराब हो सकती है। स्वास्थ्य में थोड़ी परेशानी होगी।

**कन्या** आज कारोबार में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। नया वाहन खरीद सकते हैं। शोध आदि से जुड़े कार्यों में आपको शुभ परिणाम प्राप्त होंगे। आप आत्ममंथन में समय व्यतीत करेंगे। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** आज व्यवसाय में बदलाव करना चाहते हैं तो समय उत्तम है। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है। कर्मचारियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। कटु वाणी का प्रयोग न करें अन्यथा लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक** आज गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। जमीन और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। किसी पर भी सहज भरोसा न करें। आपको अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। घर के किसी बुजुर्ग की सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

**धनु** आज सहयोगियों के सम्मान का हमेशा ध्यान रखें। कार्यस्थल में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। योग और ध्यान का सहारा लेना उचित होगा। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह को हमेशा ध्यान में रखें। बच्चों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है।

**मकर** आज निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। जीवनसाथी को पर्याप्त समय दें। पुराने मित्रों का सहयोग आपको मिल सकता है। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर में बदलाव करने के लिए उपयुक्त समय है। सभी आवश्यक कार्य आसानी से पूर्ण हो जाएंगे।

**कुंभ** आज वस्तुओं के आयात-निर्यात से धन लाभ मिलेगा। नौकरी को लेकर आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा विश्वास करना उचित नहीं है।

**मीन** आज उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर सशंकित रहेंगे। सभी कार्य निर्धारित समय पूरे करने का दबाव रहेगा। किसी कारणवश गुस्सा हो सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ अपने संबंध खराब न होने दें।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वीपाल सिंह
सुबह : 10.30
नो प्रॉब्लम
दोपहर : 03.42

&pictures
बजरंगी 2
सुबह : 10.44
जवान
रात : 08.00

SONY PIX
द डॉर्क नाइट
सुबह : 10.43
द मैकेनिक
रात : 09.00

ZEE CINEMA
मिशन रानीगंज
सुबह : 11.11
भैरवकोना
रात : 08.00

colors CINEPLEX
दादागिरी
सुबह : 10.10
हिडिंबा
शाम : 06.27

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.11 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- अगर मैं खो गई तो तुम क्या करोगे ?
पति- मैं अखबार में इश्तिहार दूंगा।
पत्नी- तुम कितने अच्छे हो, क्या लिखोगे?
पति- जिसको मिले उसकी
पतिदेव की बात सुनकर पत्नी उसी जगह पर बेहोश हो गई।

यमराज( लड़की से )- चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।
लड़की- बस दो मिनट दे दो।
यमराज- दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी?
लड़की- फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'ट्रैवलिंग टू यमलोक'
यह सुनकर यमराज ही बेहोश हो गए...

